**जे0 बी0 अकादमी अयोध्या,**

**वार्षिक परीक्षा 2025**

**समय- 3 घंटे** **कक्षा – 9, विषय -हिन्दी (002)** **पूर्णांक-80**

**<u>सामान्य निर्देश:-</u>**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ।
3. खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 21 है।
6. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

**<u>खण्ड-क</u>**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1+1+1+2+2=7)**

मानव जीवन में आत्मसम्मान का अत्यधिक महत्त्व है। आत्मसम्मान में अपने व्यक्तित्व को अधिकाधिक सशक्त एवं प्रतिष्ठित बनाने की भावना निहित होती है। इससे शक्ति, उत्साह आदि गुणों का जन्म होता है, जो जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आत्मसम्मान की भावना से पूर्ण व्यक्ति संघर्षों की परवाह नहीं करता है और प्रत्येक विषम परिस्थिति से टक्कर लेता है। ऐसे व्यक्ति जीवन में पराजय का मुँह नहीं देखते तथा निरंतर यश की प्राप्ति करते हैं। आत्मसम्मानी व्यक्ति धर्म, सत्य, न्याय और नीति के पथ का अनुगमन करता है। उसके जीवन में ही सच्चे सुख और शांति का निवास होता है। परोपकार, जनसेवा जैसे कार्यों में उसकी रुचि होती है। लोकप्रियता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसे सहज ही प्राप्त होती है। ऐसे व्यक्ति में अपने राष्ट्र के प्रति सच्ची निष्ठा होती है तथा मातृभूमि की उन्नति के लिए वह अपने प्राणों को उत्सर्ग करने में भी सुख की अनुभूति करता है। चूँकि आत्मसम्मानी व्यक्ति अपने अथवा दूसरों की आत्मा का हनन नहीं करता है, इसलिए वह ईर्ष्या-द्वेष जैसी भावनाओं से मुक्त होकर मानव मात्र को अपने परिवार का अंग मानता है। उसके हृदय में स्वार्थ, लोभ और अहंकार का भाव नहीं होता है। निश्छल हृदय होने के कारण वह आसुरी प्रवृत्तियों से सर्वथा मुक्त होता है। उसमें ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति एवं विश्वास होता है, जिससे उसकी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। जीवन को सरस और मधुर बनाने के लिए आत्मसम्मान रसायन तुल्य है।

(क) आत्मसम्मान से मनुष्य में होता है। (1)

कथन के लिए उचित विकल्प का चयन करें

1. शक्ति का विकास 2. उत्साह का विकास

3. साहस का विकास 4. साधनहीनता का विकास

विकल्प -

(i) 1 और 2 सही हैं।  (ii) 1 और 3 सही हैं।

(iii) 2 और 3 सही हैं।  (iv) 1, 2 और 3 सही हैं।

(ख) सुमेलित कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. दूसरों की आत्मा का हनन नहीं करता है | 1. लोकप्रियता और सामाजिक |
| B. प्रतिष्ठा उसे सहज ही प्राप्त होती है। | 2. आध्यात्मिक |
| C. शक्ति का विकास होता है। | 3. आत्मसम्मानी |

कूट

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 3 | 1 | 2 | (ii) | 1 | 2 | 3 |
| (iii) | 2 | 1 | 3 | ( iv) | 2 | 3 | 1 |

(ग) कथन (A) मनुष्य आत्मसम्मान से सशक्त और प्रतिष्ठित बनता है।

कारण (R) जिससे वह सभी परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता रखता है।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) कैसे व्यक्ति नीति के पथ का अनुगमन करते हैं? उनकी रुचि व निष्ठा को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश के केंद्रीय भाव पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1+1+1+2+2=7)**

जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूँ,
मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ,
मैं किस्म-किस्म के गीत बेचता हूँ,
जी, माल देखिए, दाम बताऊँगा,
बेकाम नहीं हैं, काम बताऊँगा,
कुछ गीत लिखे हैं मस्ती में मैंने,
कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैंने,

यह गीत सख्त दर्द भुलाएगा,
यह गीत पिया को पास बुलाएगा,
जी, पहले कुछ शर्म लगी मुझको !
पर बाद-बाद में अक्ल जगी मुझको;
जी, लोगों ने तो बेच दिए ईमान,
जी, आप न हों सुनकर ज़्यादा हैरान।

(क) कथन (A) गीत फरोश एक व्यंग्यात्मक कविता है।
कारण (R) कवि ने गीतकारों की आर्थिक बदहाली को दर्शाते हुए व्यंग्य किया है।
कूट
(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता
(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) 'लोगों ने तो बेच दिए अपने ईमान' पंक्ति संकेत करती है
1. उपभोक्तावादी समाज 2. वस्तुवादी समाज
3. पतनोन्मुखी समाज 4. पूँजीवादी समाज

कूट
(i) केवल 1 सही है। (ii) केवल 2 सही है। (iii) 1 और 3 सही हैं। (iv) 1, 2 और 3 सही हैं।

(ग) कवि ने अपने गीतों की प्रशंसा में क्या कहा है? उचित विकल्प का चयन कीजिए।
1. मस्ती भरे गीत 2. दर्द भुलाने वाले गीत 3. पिया को पास बुलाने वाले गीत 4- शहर का गीत

कूट
(i) केवल 1 सही है। (ii) 2 और 3 सही हैं। (iii) 1 और 4 सही हैं। (iv) 1, 2 और 3 सही हैं।

(घ) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने किसकी दुर्दशा को अभिव्यक्त किया है?
(ङ) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने समाज की स्थिति पर व्यंग्य करते हुए क्या कहा है?

**<u>खंड - 'ख' (व्याकरण)</u>** (16 अंक)

व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक 20 प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से केवल 16 प्रश्नों ($1\times16 = 16$) के उत्तर देने हैं।

प्रश्न 3- निर्देशानुसार शब्द निर्माण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 x 4 =4)
(क) 'अनु' उपसर्ग से बने दो शब्द लिखिए।
(ख) 'निर्लिप्त' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूल शब्द लिखिए।

(ग) 'नि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(घ) 'मिलाप' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए।

(ङ) 'इत' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'विषधर' का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए

(ख) 'आमरण' का समास-विग्रह कीजिए।

(ग) 'रात-दिन' में कौन-सा समास है?

(घ) 'पाँच वटों का समूह' समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।

(ङ) 'करुणा से पूर्ण' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

(क) 'तुम फोटो का महत्त्व समझते हो।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

(ख) 'तुम्हारा जूता फट गया।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए।

(ग) 'यह मेरी माताजी का बाग है।' प्रस्तुत वाक्य को विस्मयवाचक वाक्य में बदलिए।

(घ) 'यह विधुर पति था।' प्रस्तुत वाक्य को संदेहवाचक वाक्य में बदलिए।

(ङ) 'हम अपनी सांस्कृतिक पहचान खोते जा रहे हैं।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'जेते तुम तारे, तेते न नभ में न तारे हैं।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(ख) 'क्या देख न सकती जंजीरों का गहना। हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना।' प्रस्तुत पंक्तियों में अलंकार बताइए।

(ग) "तब हार पहार से लागत है, अब आनि के बीच पहार परे।" प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(घ) 'चिड़िया चुग गई खेत, बाग-बगीचे घूम।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(ङ) 'मुदित महीपति मंदिर आए, सेवक, सचिव सुमंत्र बुलाए।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

## <u>खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)</u> (30 अंक)

इस खंड में, पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्रश्न 7-निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है, जो आपको लुभाने की जी-तोड़ कोशिश में निरंतर लगी रहती हैं। दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को ही लीजिए। टूथपेस्ट चाहिए? यह दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है, यह मुँह की दुर्गंध हटाता है। यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह 'पूर्ण सुरक्षा' देता है। वह सब करके जो तीन-चार पेस्ट अलग-अलग करते हैं, किसी पेस्ट का 'मैजिक' फार्मूला है। कोई बबूल या नीम के गुणों से भरपूर है, कोई ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत तथा मान्य वनस्पति और खनिज तत्त्वों के मिश्रण से बना है। जो चाहे चुन लीजिए। (1x5=5)

(क) आज बाजार में किन चीजों की भरमार है?

(i) टूथपेस्ट की ii- मौजिक फार्मूला की (iii) विलासिता की सामग्रियों की (iii) खनिज तत्वों की

(ख) टूथपेस्ट के विज्ञापनों का क्या आधार है? उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

1. दाँतों को चमकीला बनाता है 2-मुँह की दुर्गंध मिटाता है

3. मसूड़ों को मजबूत करता है 4- कोई फर्क नहीं पड़ता है

कूट

(i) 1 और 2 सही हैं। ii- 3और 4सही है । (iii) 1,2 और 3 सही हैं। iv- केवल 3 सही है ।

(ग) विज्ञापनों द्वारा--------- प्रयास किया जाता है।

उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

1. उपभोक्ताओं को ज्ञान देने का 2- उपभोक्ताओं को दिग्भ्रमित करने का

3. उपभोक्ताओं को मजबूत बनाने का 4- सुरक्षा का

कूट

(i) 1 और 2 सही हैं (ii)- केवल 4 सही है (iii) 3 और 4 सही हैं (iv) 1,2और 3 सही है

(घ) किसी पेस्ट का मैजिक फार्मूला ऋषि मुनियों द्वारा----------- वनस्पति व खनिज तत्वों के मिश्रण से बना है।

(i) अस्वीकृत व अलग (ii) पूर्ण सुरक्षा (iii) अलग-अलग (iv) स्वीकृत और मान्य

(ङ) कथन (A) विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है।

कारण (R) विलासिता की सामग्रियाँ समाज में बढ़ती हुई उपभोक्तावादी संस्कृति और भौतिकवाद को इंगित करती हैं।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

प्रश्न 8-गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2×3=6)

(क) प्रेमचंद को देखते ही लेखक की दृष्टि कहाँ टिक गई और उसने क्या-क्या अनुमान लगाए? 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) "कोई अपने जिस्म की हरारत और दिल की धड़कन देकर भी उसे लौटाना चाहे तो वह पक्षी अपने गीत दोबारा कैसे गा सकेगा।" 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) दो बैलों की कथा' पाठ के आधार पर छोटी लड़की का परिचय देते हुए बताइए कि लड़की व बैलों के बीच आपसी व्यवहार कैसा था?

(घ) महादेवी वर्मा की सुभद्रा कुमारी से मित्रता किस प्रकार हुई? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9-निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)

क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन

खत्म हो गए है एकाएक

तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?

कितना भयानक होता अगर ऐसा होता

भयानक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह

कि हैं सारी चीजें हस्बमामूल

पर दुनिया की हजारों सड़कों से गुजरते हुए

बच्चे, बहुत छोटे-छोटे बच्चे

काम पर जा रहे हैं।

(क) दुनिया की हजारों सड़कों से गुजरते हुए कौन काम पर जा रहे हैं?
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

1. बड़े-बड़े बच्चे    2. छोटे-छोटे बच्चे    3. बच्चों माता-पिता    4. मजदूर वर्ग

कूट

(1) कथन 1 और 2 सही हैं    (ii) कथन 3 और 4 सही है

(iii) केवल कथन 2 सही है    (iv) केवल कथन 1 सही है

(ख) "कितना भयानक होता अगर ऐसा होता" पंक्ति में किस ओर संकेत किया गया है?
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

1. बच्चों का प्रतिदिन जाना    3. बच्चों का मैदान, बगीचे व घर के आँगन में खेलना

3. आर्थिक विषमता के कारण बच्चों का मूलभूत सुविधा से वंचित होना 4. बच्चों का सड़कों से हुए विद्यालय जाना

(i) कथन 1 और 2 सही हैं    (ii) केवल कथन 3 सही है

(iii) कथन 3 और 4 सही हैं    (iv) केवल कथन 4 सही है

(ग) कथन (A) संसार का होना, न होना व्यर्थ है।

कारण (R) यदि संसार बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं से रहित हो।

कूट

(i)- (A) और (R) दोनों सही है तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है।    (iii) (A)सही है,किंतु(R) गलत है।

(ii) (A) और (R)दोनों सही है, परंतु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।    (iv) (A) गलत है,किंतु(R) सही है।

(घ) 'हस्बमामूल' शब्द से कवि का क्या आशय है?

(i) वस्तुओं का परिवर्तित रूप    (ii) वस्तुओं का अवास्तविक रूप

(iii) यथावत अथवा वैसी ही है जैसी होनी चाहिए    (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) बच्चों के काम पर जाने से उन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(i) उनका भविष्य सँवरता है    (ii) उन्हें स्वतंत्रता मिलती है

(iii) उनका बचपन छिन जाता है    (iv) वे विकसित होते हैं

प्रश्न 10- कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2×3=6)

(क) 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की।' 'मेघ आए' कविता के आधार पर पंक्ति का आशय कीजिए।
(ख) 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यातनाओं का वर्णन कीजिए।
(ग) रसखान के 'सवैये' कविता में गोपी के स्वयं को न सँभाल पाने का क्या कारण था?
(घ) कवि के अनुसार सच्चा प्रेमी कौन है? 'साखियाँ और सबद' के आधार पर वर्णन कीजिए।

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में लिखिए। (4x2=8)

(क) "ईह! जब दानापुर डूब रहा था तो पटनियाँ बाबू लोग उलटकर देखने भी नहीं गए अब बूझो।" "इस जल प्रलय में" पाठ के आधार पर बताइए कि इस कथन द्वारा लोगों की किस मानसिकता पर चोट की गई है?
(ख) "कुछ बातें दुनिया में ऐसी हैं, जो सिर्फ़ मर्दों के लिए हैं और ऊँची तालीम भी ऐसी चीज़ों में से एक है।" इस कथन से समाज की किस मानसिकता का परिचय मिलता है? 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर बताइए।
(ग) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका किनसे प्रभावित थी तथा कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**<u>खंड - 'घ' (रचनात्मक लेखन)</u>** (20 अंक)

इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्रश्न 12- निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। (6)

(क) विज्ञापनों से घिरा हमारा जीवन

संकेत बिंदु

• विज्ञापन का प्रभाव • विज्ञापन के लाभ • विज्ञापन की हानियाँ

(ख) भ्रष्टचार: समाज का सबसे बड़ा अभिशाप

संकेत बिंदु -

• भ्रष्टाचार से आशय • सामाजिक मूल्यों की स्थिति • भ्रष्टाचार को दूर करने के उपाय

(ग) अजादी का अमृत महोत्सव

संकेत बिंदु -

• प्रस्तावना • क्यों मनाया जाता है • उद्देश्य

प्रश्न 13. आपका टेलीफोन लगभग दस दिनों से खराब पड़ा है। आपने महानगर टेलीफोन निगम के दोष सुधार सेवा विभाग में कई बार शिकायत दर्ज की, किंतु परिणाम ज्यों-का-त्यों है। इसकी शिकायत करते हुए महानगर टेलीफोन निगम के प्रबंधक को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपका मित्र बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहा है। उसे बधाई-पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. जलभराव की समस्या व शिकायत हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए। (5)

**अथवा**

"जैसी संगति बैठिए तैसो ही फल होत" प्रस्तुत लोकोक्ति को आधार बनाकर लगभग 100-120 शब्दों में एक मौलिक कथा लिखिए।

प्रश्न 15. परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर पिता और पुत्र के मध्य होने वाले संवाद को लिखिए। (4)

**अथवा**

आप पी. डब्लू. डी. विभाग के सचिव सुमित हैं। आपके कार्यालय में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। इस संबंध में एक सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

***********************************************************************************************************************